# जयकारा | By Manoj Aggarwal

मेरे श्याम धणी का जयकारा बिगड़े काम बनाएगा
जो जय श्री श्याम बोलेगा वो मौज उड़ाएगा
मेरे श्याम धणी का जयकारा ............

श्याम नाम की महिमा भारी जल्दी समझ ना आएगी
इसके नाम की शक्ति तेरा बेडा पार लगाएगी
पार होगी उसकी नैया श्याम नाम जो ध्यायेगा
जो जय श्री श्याम बोलेगा वो मौज उड़ाएगा
मेरे श्याम धणी का जयकारा ............

इस जयकारे ने कितनो की बिगड़ी बनाई है
कैसी भी हो विपदा सामने वो ना टिक पाई है
ये जयकारा जीवन में आराम दिलाएगा
जो जय श्री श्याम बोलेगा वो मौज उड़ाएगा
मेरे श्याम धणी का जयकारा ............

रूबी रिधम की जिव्हा पे प्रभु बस नाम तुम्हारा हो
जब भी पुकारू तुमको मिले मुझे सहारा हो
जैसे लाखों पापी तर गए वैसे तू तर जायेगा
जो जय श्री श्याम बोलेगा वो मौज उड़ाएगा
मेरे श्याम धणी का जयकारा ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-manoj-aggarwal/